दैनिक
राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

विरामखंड-५, गोमतीनगर 'एल्डर्स हब व जनकल्याण समिति' द्वारा होली का उल्लास

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। विरामखंड-5 गोमतीनगर के एल्डर्स हब व जनकल्याण समिति के सदस्यो; जीएन सिन्हा, पूर्व डीजीपी, जगदीशचंद साह, आर.एस. मिश्रा, एस.बी.एल. मेहरोत्रा, यू.सी. तिवारी,पूर्व आई.ए.यस., गोरखनाथ निशाद, पूर्व मंत्री व डा0 भरत राज सिह, महानिदेशक, एस.एम.एस. व पर्यावरणविद आदि द्वारा वासंती पार्क मे होली का पर्व बडे धूम-धाम से मनाया गया । यद्यपि इनमे से अधिकतर लोग सेवानिवृत्त होने के वावजूद भी होली के त्यौहार को रंगो व गुलाल के साथ बडे ही उल्लास व आनंद से मनाया, जो एकता व भाई-चारे का परिचयक रहा । इस अवसर पर कुछ लोगो ने, विशेषकर आर.एस. मिश्रा जी ने होली के गीत को सुनाकर मन को भाव-विभोर कर दिया तथा कुछ ने अपनी पुरानी यादो का बयानकर लोगो को होली की परम्परा से जागृत किया । हिंदुस्तान मे होली का त्यौहार एक दूसरे के भेद-भाव व आपसी दुराव को मिटाकर मेल-जोल से रहने की प्रेरणा देता है, यही इस देश की पौराणिक परम्परा का परिचायक है । आज भी हमे इस त्योहार से यह सीख मिलती है कि बुराई पर अच्छाई की हमेशा जीत होती है ।